DNS

Daiwik Hotels

Date: 23/04/2015 | Edition: Chandigarh | Page: 7 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 7 H: 12

Clip: 1 of 1

दैविक होटल्स ने शिरडी में रखी दूसरे होटल की नींव

56 लग्जरी कमरों के साथ देंगे अन्य सुविधाएं

■ एजेंसी. चंडीगढ़

रामेशवरम, तमिल नाडु में अपनी पहली संपत्ति की शुरुआत करके विशेष तीर्थयात्रा आतिथ्य सत्कार की अनोखी अवधारणा की पेशकश करने के बाद दैविक होटल्स प्राइवेट लिमिटेड शिरडी में अपने दूसरे होटल की शुरुआत की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के होटल के बुनियादी ढांचे और सेवाओं के साथ दैविक होटल्स शिरडी का लक्ष्य ग्राहकों को एक संपूर्ण तीर्थ यात्रा का अनुभव मुहैया कराना है।



देवाशिश घोषाल, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, दैविक होटल्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमने तीर्थयात्रा आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में कदम रखने का फैसला किया क्योंकि देश में मध्यम वर्गीय बाजार में भारी मांग और आपूर्ति की कमी है। शिरडी में अपने दूसरे होटल के साथ हमने इस कमी को पूरा करने की कोशिश की है। हमारा ध्यान इस क्षेत्र की ओर बना रहेगा और हम पूरे देश में ऐसे अवसर तलाशेंगे।

दैविक होटल्स शिरडी में 56 सुसज्जित कमरे हैं। होटल में कमरों की 4 श्रेणियां हैं। स्टैंडर्ड, सुपीरियर, फैमिली डीलक्स और जूनियर सुईट। होटल में विश्वस्तरीय मानकों के साथ बैंक्वेट हॉल, स्पा, कॉन्फ्रेंस रूम और बिजनेस सेंटर सुविधा, तीर्थयात्रियों की मदद करनेवाला एक विशेष डेस्क है जहां मंदिर के नियमों, उनके समय और सुविधाओं की जानकारी दी जाती है।

कमरे की दरों में बदलाव होता रहता है। होटल की दरें 2,375 रुपए से शुरु होती हैं जिसमें सुबह का नाश्ता शामिल है।